"समाज की सेवा ही ईश्वर की सेवा"

समाज का विकास कोई एक व्यक्ति नही कर सकता, समुदायिक विकास को ध्यान में रखते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने दिनांक 02-03-2015 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की ओर से "युनिवर्सिटी आउटरीच" प्रोग्राम के तहत प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता की प्रेरणा और निर्देशन में अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ ने चन्दावली गांव के स्वास्थ्य, स्वच्छता, साक्षरता, पर्यावरण, नशा मुक्ति, बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं और समाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुकता लाने का उत्तरदायित्व लेने हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति श्री हर सरूप चहल (महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता (प्रधान, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा, बल्लबगढ़), विशिष्ट अतिथि श्री टेक चन्द शर्मा (विधायक, पृथला), प्रो० नरेन्द्र गर्ग (वाणिज्य विभाग, महर्षि दयानन्द, विश्वविद्यालय, रोहतक), श्रीमती रचना शर्मा (सरपंच, गांव पंचायत चन्दावली) उपस्थित रहें. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अग्रवाल महाविद्यालय के एन.एस.एस. इकाई प्रथम, द्वितीय व तृतीय के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी रैली निकाली गई और समाजिक बुराईयों को दर्शाते हुए एक लघु नाटिका "हल्ला बोल" का मंचन किया गया. भारत सरकार और हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति श्री हर सरुप चहल ने अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य की समुदाय सेवा की भावना को देखते हुए उन्हें यह उत्तरदायित्व सौंपा. मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में बताया कि उनका वर्षों पहले देखा यह सपना आज साकार होने जा रहा है उन्होंने यह माना कि शिक्षण संस्थाओं का दायित्व है कि वे समाज और समुदाय के उत्थान में अपना योगदान दें. कार्यक्रम अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता ने इस कार्यक्रम में अपनी रूचि दिखाते हुए कहा कि अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा शिक्षा के क्षेत्र में अपना संपूर्ण सहयोग देने को तत्पर है. विशिष्ट अतिथि श्री टेक चन्द शर्मा ने समुदयिक विकास में अपनी भागीदारी का जिम्मा लिया. प्रो० नरेन्द गर्ग ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं, शिक्षकों व विद्यार्थियों को समुदाय व समाज के साथ जोड़कर ही समुन्नत समाज की कल्पना की जा सकती है. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी अतिथियों का अभिवादन करते हुए बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय महिला सुरक्षा, साक्षरता, नशा मुक्ति और स्वच्छता आदि मुद्दों पर गांव पंचायत के साथ मिलकर कार्य करेगा. इस कार्यक्रम में गांव के अन्य गण–मान्य सदस्य भी उपस्थित थें. अग्रवाल महाविद्यालय के एन.एस.एस. के स्वयंसेवक, स्वयंसेविकाएं, कैडेट और रैड क्रॉस के सदस्य, सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित थे. कार्यक्रम के संयोजक डॉ० विनोद कुमार राठी रहें. अग्रवाल महाविद्यालय ने लॉयन्स क्लब के सहयोग से गांव में एक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया

जिसमें 52 इकाई रक्त एकत्र किया गया.

<u>नवीनीकृत कम्प्यूटर प्रयोगशाला तथा एच.डी.एफ.सी. बैक के ए.टी.एम का कुलपति महोदय द्वारा उद्घाटन</u>

शिक्षण प्रौद्योगिकी के उपकरणों से युक्त कम्प्यूटर प्रयोगशाला का नवीनीकरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त आर्थिक सहायता से किया गया तथा एच.डी.एफ.सी. बैंक के ए.टी.एम. का उद्घाटन माननीय श्री हर सरुप चहल (कुलपति, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) ने अपने कर कमलों द्वारा किया. परम श्रद्धेय लाला रतन सिंह गुप्ता (पूर्व अध्यक्ष, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा), आदरणीय श्री देवेन्द्र गुप्ता (अध्यक्ष, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा एवम् प्रधान, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़) और प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में 2 मार्च, 2015, दिन सोमवार को छात्र–हित में महाविद्यालय को समर्पित किया

44 वीं दो दिवसीय एथलेटिक मीट का शुभारंभ

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ की दो दिवसीय वार्षिक खेल–कूद प्रतोयोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय कुलपति श्री हर सरूप चहल (महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) ने खेल–ध्वज फहरा कर एवं माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के भूतपूर्व प्रधान लाला रतन सिंह गुप्ता तथा वर्तमान प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे. प्रो० नरेन्द गर्ग (वाणिज्य विभाग, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) उपस्थित रहें. प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए महाविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन किया और खिलाड़ियों को निरन्तर अभ्यास व प्रयास करने के लिए प्रेरित किया. खेल–कूद समिति के समन्वयक डॉ0 के.एल. कौशिक ने महाविद्यालय के वर्तमान सत्र की खेल–कूद विभाग की जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की.

इस अवसर पर खिलाड़ी लवकेश (एम.एस.सी; सी.एस.) ने समस्त प्रतिभागियों को खेल– भावना की शपथ दिलाई. छात्रों की 100 मी० दौड़ में प्रथम स्थान लोकेश (बी.कॉम; सी.ए. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान नवीन लाम्बा (बी.बी.ए. केम प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान मोहित (बी.बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया.

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री हर सरुप चहल ने संदेश दिया कि विद्यार्थी जीवन में

खेलों का विशेष महत्व है और हमारे इन्हीं महाविद्यालयों से निकले हुए खिलाड़ियों ने हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अपितु विश्वस्तर पर भी गौरव दिलवाया है. उन्होंने हरियाणा के अनेक शीर्ष खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रेरित किया और बताया कि वही राष्ट्र विश्व में सम्मानित होता है जिसका खेल का स्तर ऊँचा हो. प्राचार्य महोदय ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर इस पल को यादगार बनाया. कार्यक्रम अध्यक्ष लाला रतन सिंह गुप्ता ने कॉलेज की इस 44 वीं खेल–कूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वचन कहे. यह आयोजन महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री नन्द किशोर, डॉ0 जगबीर सिंह और श्री नरेश कुमार के दिशा निर्देश में संचालित किया गया. इसी क्रम में कुलपति महोदय ने महाविद्यालय के द्वितीय समाचार पत्र ए.बी.सी. का विमोचन भी किया गया. इस समाचार पत्र में महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों का आकलन किया जाता है. यह समाचार पत्र विगत सत्र से प्रत्येक तीन माह के पश्चात प्रकाशित किया जाता है.